दिनांकः 15 मई 2024

साईकिल स्टैण्ड हेतु कोटेशन आमंत्रण सूचना

कालीचरण पी०जी० कालेज लखनऊ शैक्षणिक सत्रः 2024–25 में साईकिल स्टैन्ड के संचालन हेतु कोटेशन आमन्त्रित करता है। सभी इच्छुक कोटेशनदाता अपनी फर्म का पूर्ण विवरण सहित कोटेशन सील बन्द लिफाफे में प्रत्येक कार्य दिवस में समय प्रातः 10:00 बजे से 03:00 बजे के मध्य कार्यालय में उपलब्ध करा सकेंगे। कोटेशन जमा करने की **अन्तिम तिथि 07 जून 2024** निर्धारित की गयी है। उक्त तिथि के उपरान्त् कोई भी कोटेशन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

कोटेशन की शर्ते निम्न प्रकार से होंगीः–

1. प्राप्त कोटेशन में सर्वाधिक धनराशि वाले कोटेशनदाता का चयन किया जायेगा।
2. साफ–सुथरी छवि एवं पुलिस रिकार्ड में किसी भी मामले में लिप्त न होने का पाया जाना अनिवार्य शर्त होगी।
3. चयनित पार्टी को कुल धनराशि अधिकतम 2 किश्तों में देना होगा, प्रथम किश्त एग्रीमेंट के 15 दिन के अन्दर तथा द्वितीय किश्त 15.01.2025 तक देय होगा, अन्यथा की स्थिति में Second Highest कोटेशनदाता को कार्य सौंपा जा सकता है।
4. पहले स्थान पर चयनित कोटेशनदाता निर्धारित समय में धनराशि जमा न करने पर Second Highest कोटेशनदाता को अवसर दिया जायेगा।
5. पूर्व में महाविद्यालय में कार्य कर चुकी पार्टी को आवेदन करते समय महाविद्यालय से No Dues प्राप्त करना अनिवार्य होगा।
6. कार्य अवधि दिनांक 01.07.2024 से 30.06.2025 तक होगी।
7. स्टैण्ड संचालक किसी अन्य को Sublet नहीं कर सकेगा।
8. स्टैण्ड संचालक महाविद्यालय छात्र–छात्राओं से उचित मूल्य पर ही किराया ले सकेगा तथा किराये की धनराशि का बोर्ड बनवाकर साईकिल स्टैण्ड पर लगवाना होगा।
9. स्टैण्ड संचालक द्वारा नियम/शर्तों का उल्लंघन करने पर महाविद्यालय के प्रबन्धक द्वारा एग्रीमेंट को रद्द् करने का अधिकार होगा। ऐसी दशा में Second Highest कोटेशनदाता को अवसर दिया जा सकता है।

प्राचार्य/प्रबन्धक